माला री तेरा जपना कठिन है

माला री तेरा जपना कठिन है,
जपना कठिन है, तेरा भजना कठिन है,
माला री तेरा जपना कठिन है॥

मात पिता और गुरु अपने की,
इन तीनों की आज्ञा कठिन है,
माला री तेरा जपना कठिन है....

सास ससुर और पति अपने की,
इन तीनों की सेवा कठिन है,
माला री तेरा जपना कठिन है....

चंदा सूरज और तारेया,
इन तीनों का मिलना कठिन है,
माला री तेरा जपना कठिन है....

गंगा जमुना और त्रिवेणी,
इन तीनों का नहाना कठिन है,
माला री तेरा जपना कठिन है.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25988/title/mala-ri-tera-japna-kathin-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |